राजस्व कार्यों के लिए पदस्थ अधिकारी शत प्रतिशत निराकरण करें : डीएम

न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए राजस्व अधिकारियों का कार्य विभाजन, वर्षाकाल से पूर्व जल निकासी की उचित व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश, राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा कि शासन के निर्देशानुसार न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए अब पृथक-पृथक राजस्व अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है, इसलिए जिन तहसीलदारों और प्रभारी तहसीलदारों को राजस्व कार्यो के लिए नामांकित किया गया है, वे नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों में बैठकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगे, यह अधिकारी प्रतिदिन प्रात: 10.30 बजे से सांय 06 बजे तक राजस्व न्यायालयों का ही कार्य करेंगे।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसएलआर कुलदीप बोहरे सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए राजस्व अधिकारियों का कार्य विभाजन : कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा शासन निर्देशो के परिपेक्ष्य में न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए राजस्व अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रभारी तहसीलदार श्योपुर श्रीमती मनीषा मिश्रा को तहसीलदार न्यायालय श्योपुर एवं न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त प्रेमसर का कार्य सौपा गया है। वृत्त मानपुर के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार टीएस लकडा को राजस्व न्यायालय की जिम्मेदारी सौपी गई है, जबकि प्रभारी नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध को गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए संपूर्ण श्योपुर तहसील क्षेत्र के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार सुरेश राठौर को न्यायालय तहसीलदार बडौदा एवं न्यायालय नायब तहसीलदार पाण्डोला की जिम्मेदारी दी गई है। बडौदा तहसील अंतर्गत गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए प्रभार नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेगर को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। न्यायालय तहसीलदार कराहल के लिए प्रभारी तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख को राजस्व कार्यो के लिए जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त गोरस एवं वृत्त पहेला का कार्य देखेगे, जबकि प्रभारी नायब तहसीलदार नरेश रायपुरिया को कराहल तहसील क्षेत्र के लिए गैर न्यायालयीन कार्यो हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

वर्षाकाल से पूर्व जल निकासी की उचित व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामों का भ्रमण कर ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया जायें, जहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती आई है। ऐसे स्थानों पर जल निकासी की उचित व्यवस्थाएं कराई जायें, अपने-अपने राजस्व क्षेत्र में पंचायतों से समन्वय कर नालों की साफ-सफाई तथा जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने बडौदा में संचालित नाला निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने तथा साफ-सफाई के लिए और अधिक संसाधन बढाये जाने के निर्देश भी दिये।

अधिकारियों को सौंपे गए प्रभार

प्रभारी तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल को राजस्व न्यायालय विजयपुर का दायित्व सौपा गया है तथा प्रभारी नायब तहसीलदार रविशंकर शर्मा को न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त गसवानी एवं वृत्त अगरा की जिम्मेदारी सौपी गई है। विजयपुर तहसील के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार राकेश कुमार शर्मा को गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वीरपुर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वृत्त रघुनाथपुर में प्रभारी तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह बघेल को न्यायालयीन कार्यो के लिए जिम्मेदारी दी गई है, जबकि वीरपुर तहसील अंतर्गत गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री विनोद सिंह तोमर को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

तहसील के सामने 60 रुपए की उधारी पर बवाल

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 14 मई। तहसील कार्यालय के सामने बुधवार रात मामूली उधारी का विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया। सिगरेट और राजश्री पुड़िया के पैसों को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गई। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसके बाद विजयपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तहसील के सामने खेड़सर बाजार में दुकान संचालित करने वाले रविंद्र कुशवाह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिकायत में बताया गया कि 13 मई की रात करीब 10 बजे उसका छोटा भाई सोमनाथ कुशवाह दुकान संभाल रहा था। इसी दौरान गांव टेंटा निवासी सोमवीर रावत अपने साथी के साथ दुकान पर पहुंचा और राजश्री पुड़िया व सिगरेट मांगी। बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले से करीब 60 रुपए उधार थे। जब दुकानदार ने पुराने पैसे मांगे तो विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने दुकान के सामने ही सोमनाथ के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में युवक के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। सूचना मिलते ही विजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में स्न्ढ्ढक्रदर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

छोटी बात पर बढ़ता आक्रोश बना चिंता का विषय : तहसील के सामने हुई इस घटना ने बाजार में सनसनी फैला दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता गुस्सा अब गंभीर विवादों का रूप लेने लगा है, जिससे आमजन में भय का माहौल बन रहा है।

एक नजर में

विजयपुर नगर पालिका के सीएमओ शर्मा निलम्बित

विजयपुर, 14 मई। विजयपुर नगर पालिका सीएमओ मनोज शर्मा को आज राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत निलम्बित कर दिया गया। नगरिक प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा जारी एक आदेश के तहत सीएमओ मनोज शर्मा स्वच्छ जल अभियान में रुचि नहीं लेने पर निलम्बित किया गया है।

तालाब गहरीकरण का कार्य जारी

श्योपुर। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों का गहरीकरण कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम खिरखिरी में बडा तालाब में डिसिल्टिंग कार्य कराया जा रहा है। तालाब के गहरीकरण कार्य से वर्षाजल का एकत्रीकरण अधिक मात्रा में हो सकेगा, जिससे ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

जीआरएस जिला पंचायत में अटैच

श्योपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही करने पर जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत नगदी के रोजगार सहायक रामलखन मीणा को ग्राम पंचायत के शासकीय कार्यो से विरत करते हुए जिला पंचायत कार्यालय में अटैच करने की कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही उनके मानदेय भुगतान पर भी आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है। गत दिवस वीसी के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान पंचायत अंतर्गत कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर उक्त कार्यवाही की गई है।

वीरपुर में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित

श्योपुर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु पंचायत भवन वीरपुर में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प में डॉ राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ एके करोरिया मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ अरशद अयूब मानसिक रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग सहायक राजकुमार की टीम द्वारा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का परीक्षण किया गया, पंचायत भवन वीरपुर में आयोजित शिविर में कुल 18 रजिस्ट्रेशन हुए तथा 12 बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण कर यूडी आईडी कार्ड बनाये गये। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी सतीश सिंह प्रशासनिक अधिकारी, अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, अशोक यादव विशेष शिक्षक, नरेंद्र त्यागी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, अशोक राठौर सचिव वीरपुर, श्याम कुमार गुप्ता जीआरएस एवं मुकेश शाक्य डाटा एंट्री ऑपरेटर विजयपुर उपस्थित रहे।

मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान

श्योपुर। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के निर्देशन में विकासखंड कराहल के किटर्रा मोहल्ला में एमआई नरसिंह गौड़ द्वारा आरआई के दौरान आशा एवं एएनएम के कार्यों की समीक्षा की गई तथा मलेरिया सर्विलांस संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह में दो बार घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित मरीजों की रक्त जांच करें तथा संभावित मलेरिया रोगियों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करें। साथ ही ग्रामवासियों को मलेरिया जनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक करते हुए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने, नीम की पत्तियों का धुआं करने एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ता श्रीमती शांति शर्मा एवं श्री नरसिंह गोड की उपस्थिति में सुपरवाइजर श्रीमती प्रतिमा प्रभाकर द्वारा 73 घरों का लार्वा सर्वे किया गया। साथ ही बुखार से पीड़ित मरीजों की मलेरिया किट से जांच की गई, जिसमें सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गईं।

47 बिना नंबर प्लेट वाहनों पर डलवाए गए नंबर

विजयपुर। पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले में बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है साथ ही मौके पर नंबर भी लिखवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विजयपुर अनुभाग में एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में सूबेदार भागवत प्रसाद पांडेय यातायात विजयपुर द्वारा अभियान अंतर्गत 47 वाहनों पर नंबर अंकित करवाये गए। एवं हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द एचएसआरपी नंबर प्लेट वाहनों पर लगवा ली जाए।

पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश पंजीयन 31 तक

श्योपुर, 14 मई। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है, प्रवेश लेने की अंतिम 31 मई 2026 निर्धारित है। प्राचार्य महाविद्यालय ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय की तीन ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइंस इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित है। इच्छुक विद्यार्थी इन ब्रांचो में प्रवेश के लिए महाविद्यालय आकर रजिस्टर में अपना पंजीयन करा सकते है। प्राचार्य पॉलीटेक्निक कॉलेज ने बताया कि कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्युटर इंजीनियरिंग एवं सिविल इंजीनियरिंग की 54-54 सीटो पर प्रवेश दिया जायेगा। वार्षिक परीक्षा फीस 7500 रूपये निर्धारित है। कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों को आवास की सुविधा के साथ ही छात्राओं को प्रतिवर्ष 50 हजार रूपये तथा छात्रों को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

सीईओ ने लिया जनगणना कार्य का जायजा

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रथम चरण के तहत किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम गिरधरपुर में फील्ड विजिट कर जनगणना कार्य का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्री गिर्राज शर्मा सहित सुपरवाईजर एवं प्रगणक उपस्थित रहें।

सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद ने फील्ड विजिट के दौरान प्रगणकों द्वारा मकानों के सूचीकरण तथा मकानों की गणना प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।

इसके साथ ही जनगणना एप पर भरी जा रही जानकारी की प्रक्रिया भी देखी। उन्होंने सुपरवाईजर एवं प्रगणकों को निर्देश दिये कि समयावधि में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण किया जायें।

आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा भ्रमण के दौरान आंकाक्षी विकासखण्ड कराहल के ग्राम हीरापुरा स्थित आंगनबाडी केन्द्र-ए का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाडी केंद्र पर पेयजल व्यवस्था के लिए मोटर का संधारण कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र निरीक्षण के दौरान टीएचआर सहित बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाले भोजन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर आंकाक्षी ब्लॉक फेलो सुश्री दीपांशी जादौन भी उपस्थित रही।

हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, के सचिव बुदेश कुमार वैद्य द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह संशोधन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी पत्र के अनुसार 14 मई 2026 एवं 21 मई 2026 को आयोजित होने वाली विषयों की परीक्षाओं की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। यह निर्णय सीयूईटी (यूजी)-2026 की परीक्षाओं के कारण लिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 14 मई 2026, गुरुवार को निर्धारित कृषि (एग्रीकल्चर), गृह विज्ञान (होम साइंस, एनाटॉमी, फिजिओलॉजी एवं हाईजिन) तथा एकाउंटेंसी (एकाउंटेंसी) विषयों की परीक्षाएं अब 19 मई 2026, सोमवार को आयोजित की जाएंगी।

इसी प्रकार 21 मई 2026, गुरुवार को प्रस्तावित गणित (मैथेमेटिक्स) एवं मनोविज्ञान (सायकोलॉजी) विषयों की परीक्षाएं अब 26 मई 2026, मंगलवार को संपन्न होंगी। मंडल ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए दिए हैं कि वे परीक्षा कार्यक्रम में किए गए संशोधन की जानकारी तत्काल विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर संशोधित समय-सारणी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मंडल द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे संशोधित परीक्षा कार्यक्रम का गंभीरता से अध्ययन करें तथा अपनी तैयारी उसी के अनुरूप जारी रखें। परीक्षा कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

कराहल के सीएचओ ने बैठक ली

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में कराहल विकासखंड के सीएचओ की बैठक आयोजित कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में आयोजित उक्त बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, गर्भवती पंजीयन, एएनसी हाईरिस्क प्रबंधन पर चर्चा करते हुए समीक्षा की गई। इस दौरान योसैड फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्री विशाल दुबे द्वारा सभी प्रतिभागियों को केयर कम्पेनियन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही फाउंडेशन की ओर से टूल किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ जेएन सक्सेना, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ हेमंत रावत, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर अमित कुमार श्रीवास आदि उपस्थित रहें।

जीर्णोद्धार के बाद निखरा सलापुरा कुंए का स्वरूप

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की विशेष पहल पर जल गंगा सवंर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन बावडियों एवं कुओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जा रहे है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में अभियान के तहत प्राचीन एवं एतिहासिक बावडियों को उनका पुराना वैभव प्रदान करने के लिए जहां जीर्णोद्धार तथा बावडियों के प्राकृतिक जल मार्गो को साफ-सफाई कर पुर्नजीवित करने का कार्य किया जा रहा है, वही प्राचीन कुओं को भी निखारा जा रहा है। कुओं में पानी के पर्याप्त जल स्तर के लिए कूप वाटर रिचार्ज के कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं मरम्मत से कुओं का स्वरूप निखरने लगा है।

शहर से लगे ग्राम सलापुरा में प्राचीन कुए को भी नया रूप देने का कार्य अभियान के तहत किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस प्राचीन कुएं की साफ-सफाई कराते हुए सौन्दर्यकरण किया गया है, जिससे कुए का स्वरूप निखर कर आकर्षक हो गया है।

बिजली बिल में सुधार के लिए 16 को लगेंगे कैम्प

श्योपुर, 14 मई। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से संपर्क अभियान योजना लागू की गई है, जिसके तहत जिले के समस्त ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र के वार्डो को शामिल कर कलस्टर बनाये गये है। विधुत वितरण केन्द्रवार बनाये गये इन कलस्टरों पर आगामी निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाये जा रहे है। इसी क्रम में 16 मई को सभी विधुत वितरण केन्द्रों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 16 मई को विधुत वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत लहचौडा, ढोढर केन्द्र अंतर्गत ग्राम बगदीया में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत ग्राम आसीदा में, वितरण केन्द्र सोईकंला अंतर्गत ग्राम ज्वालापुर में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम दोर्द में, वितरण केन्द्र गसवानी अंतर्गत ग्राम बडौदा खुर्द में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम पराष्ठा में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम वीरपुर में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम उमरीकलां में, वितरण केन्द्र बडौदा अंतर्गत ग्राम रीझा में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम सेसईपुरा में, वितरण केन्द्र पाण्डोला अंतर्गत ग्राम मेखडाहेडी में, वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत मयापुर में तथा वितरण केन्द्र श्योपुर शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 05 में शिविर लगाये जायेगे।

502 शिकायतों का त्वरित निराकरण

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 14 मई। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से चलाई जा रही संपर्क अभियान योजना अंतर्गत आज 14 मई को 14 विधुत वितरण केन्द्रों अंतर्गत आयोजित किये गये शिविर के माध्यम से 502 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया।

महाप्रबंधक एलएन पाटीदार ने बताया कि संपर्क अभियान योजना अंतर्गत कंपनी द्वारा विधुत वितरण केन्द्रो के अंतर्गत कलस्टर वार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 मई को विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये शिविरों में बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित कुल 820 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 502 शिकायतों, आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों में समय सीमा नियत की गई। उन्होंने बताया कि आगामी 16 मई, 20 मई एवं 23 मई को भी विधुत वितरण केन्द्र अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।